दैनिक जागरण
19/09/25

# बीसारोड़ा, मिसरोद में हुआ केवाईसी शिविर

**जागरण, नर्मदापुरम।** ग्रामीण स्तर पर वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गुरूवार को बीसारोड़ा एवं ग्राम मिसरोद में जनसुरक्षा अभियान एवं पुनः केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लाभों से अवगत कराना तथा उनके बैंक खातों की केवाईसी प्रक्रिया अद्यतन करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भारतीय रिज़र्व बैंक भोपाल हेमन्त कुमार सोनी ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ग्रामीण जनता के आर्थिक कल्याण और बैंकिंग सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं समय पर केवाईसी पूर्ण करने की अपील की। इस दौरान रजत शर्मा क्षेत्रीय प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, राजकुमार सेन क्षेत्रीय प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रोशनी हाजेला, आरडी वाघेला, दीपक पाटिल तथा किशोर सिलधारिया शामिल हुए।